झारखण्ड सरकार

# कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, रांची।

वन भवन, डोरण्डा, रांची–834002
E-mail-pccfjhk@jharkhandmail.gov.in 0651-2481909 (T), 2480413 (F)

पत्रांक –11 E-19(A) III-2/17 - 4829 दिनांक – 07.11.17

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं
मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड, रांची।

सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक।

मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक,
पलामू व्याघ्र परियोजना, डालटेनगंज।

मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी, झारखण्ड, रांची।

विषयः **दिनांक 20.11.2017 एवं 21.11.2017 को पूर्वाह्न 10.30 बजे प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, रांची के कार्यालय स्थित सभागार में विभागीय समीक्षात्मक बैठक के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक 20.11.2017 एवं 21.11.2017 को निम्न कार्यक्रमानुसार विभागीय समीक्षात्मक बैठक रखी गई है। समीक्षा बिन्दु निम्नवत् है :–

1. सेवान्त लाभ एवं भुगतान के लम्बित मामले।
2. लंबित विभागीय कार्यवाही।
3. माननीय उच्च न्यायालय में लंबित रिट वाद/अवमानना वाद/अपील वाद।
4. अधिसूचित तथा सीमांकित वनभूमि से संबंधित अभिलेखों की प्रविष्टि जिला निबंधन कार्यालय में संधारित नेगेटिव लिस्ट में कराने के संबंध में प्रतिवेदन।
5. महालेखाकार का Thematic Audit पर बिन्दुवार प्रतिवेदन।
6. अतिक्रमण से वनभूमि विमुक्ति।
7. अग्रिम कार्य संबंधित प्रमंडलवार अद्यतन स्थिति।
8. सामाजिक पूंजी (Social Capital) विस्तार हेतु नेटवर्किंग बैठक की प्रगति।
9. अधिहरित वाहनों के निष्पादन से संबंधित प्रतिवेदन।
10. कैम्पा योजना अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष में आवंटन के विरूद्ध व्यय की विवरणी।
11. योजना बजट :–

    (i) वर्ष 2017–18 में अग्रिम कार्य का स्थल चयन।

(ii) नदी तट वृक्षारोपण [(1.) सुवर्णरेखा (रांची वन प्रमंडल) (2.) खरकई/सुवर्णरेखा (धालभूम वन प्रमंडल, जमशेदपुर) (3.) दामोदर (रामगढ़ वन प्रमंडल) (4.) अजय (देवघर वन प्रमंडल) (5.) रोरो (चाईबासा वन प्रमंडल) (6. शंख (लोहरदग्गा वन प्रमंडल) (7.) उत्तरी कोयल (मेदिनीनगर वन प्रमंडल) (8.) बोकारो (बोकारो वन प्रमंडल) (9.) उसरी (गिरीडीह पूर्वी वन प्रमंडल) (10.) कोनार (हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल) (11.) दनरो (गढ़वा उत्तरी वन प्रमंडल) ]

(iii) इन्टेन्सिफिकेशन ऑफ फॉरेस्ट मैनेजमेंट।

(iv) मुख्यमंत्री जन वन योजना।

(v) सिल्वीकल्चरल योजना।

(vi) अधिसूचित वन भूमि पर वृक्षारोपण एवं भूसंरक्षण (एसिस्टेड नेचुरल रिजेनरेशन की तर्ज पर)।

12. 2016–17 एवं 2017–18 में कराये गये वृक्षारोपण/वनरोपण कार्यक्रमों का Polygon Uploading

13. आरा मिल विनियमन।

अनुरोध है कि कृपया अपने–अपने कार्य क्षेत्र का उपरोक्त बिन्दुओं पर वांछित प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्रों में संकलित कर Soft copy, e-mail तथा Hard copy में इस कार्यालय को दिनांक–**13.11.2017** तक भेजते हुए बैठक में दिनांक 20.11.2017 एवं 21.11.2017 को भाग लेने की कृपा करें।

विश्वासभाजन,

ह॰/ 7/11/17

प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांकः–11E-19(A) III-2/17- 4829 दिनांकः– 07.11.17

प्रतिलिपिः–ENVIS Cell को विभागीय Website पर Upload करने हेतु प्रेषित।

ह॰/ 7/11/17

प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
झारखण्ड, राँची।

F:\अजितMetting 20.11.17, 21.11.2017.doc